स्मरण पत्र

राजस्थान सरकार
निदेशालय स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर
जी–3, राजमहल रेजीडेन्सी ऐरिया स्कीम,
सिविल लाईन्स फाटक के पास, जयपुर–16

क्रमांक.एफ.53( ) निग./डीएलबी/23/616-921 जयपुर, दिनांक 18/2/2025

आयुक्त/उपायुक्त/अधिशाषी अधिकारी,
समस्त नगर निगम/ नगर परिषद/ नगर पालिका
राजस्थान।

विषयः– सीज खोलने के आदेशों में जारी निर्देशो की पालना निर्धारित अवधि में कर, मासिक पालना रिपोर्ट निदेशालय में भिजवाने बाबत्।

संदर्भः–विभागीय आदेश पत्रांक 221 दिनांक 14.02.2024, 2068–2372 दिनांक 26.12.2024 व 252–557 दिनांक 03.02.2025 के क्रम में।

उपरोक्त विषयक के निर्देशानुसार संदर्भित आदेश पत्र की ओर आपका ध्यान आकर्षित कर लेख है कि विभागीय आदेश दिनांक 14.07.2022 के तहत निकायों द्वारा प्रेषित सीज खोलने के प्रस्तावों के साथ प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत शपथ–पत्र की पालना के संबंध में निदेशालय स्तर से जारी आदेश में वर्णित शर्तो/निर्देशों की पालना 60 दिवस (दो माह) में कर पालना रिपोर्ट निदेशालय द्वारा चाही जाने के बावजूद आज दिनांक तक पालना रिपोर्ट विभाग को नहीं भिजवाई गई हैं, जबकि संदर्भित विभागीय आदेश दिनांक 14.02.2024, 26.12.2024 व 03.02.2025 द्वारा इस बाबत् स्पष्ट निर्देश दिये जा चुके है। किन्तु इसके पश्चात् भी सूचना प्राप्त नहीं होना अत्यन्त खेदजनक है। इस सम्बन्ध में श्रीमान प्रमुख शासन सचिव महोदय के निर्देशानुसार आप अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें कि क्यों ना आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जावें।

अतः पुनः निर्देशित किया जाता है कि संलग्न तालिका में प्रत्येक प्रकरण की पालना रिपोर्ट अविलम्ब निदेशालय को एक सप्ताह में अनिवार्य रूप से भिजवाना सुनिश्चित करें।

(श्याम सिंह शेखावत)
अतिरिक्त निदेशक

क्रमांक.एफ.53( ) निग./डीएलबी/23/ दिनांक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः–

1. समस्त क्षेत्रीय उप निदेशक, स्थानीय निकाय, राजस्थान को संदर्भित आदेश दिनांक 14.02.2024, 26.12.2024 व 03.02.2025 के अनुसार वांछित मासिक सूचना/रिपोर्ट विनिर्दिष्ट कालावधि में प्रेषित करने हेतु।
2. सुरक्षित पत्रावली।

(श्याम सिंह शेखावत)
अतिरिक्त निदेशक

JITENDAR S.....

निकाय स्तर पर सीज खोलने के प्रकरणों की अद्यतन रिपोर्ट

नाम नगरीय निकायः–

दिनांकः

क्र. सं.	निर्माणकर्ता का नाम व पता	निदेशालय को प्रेषित प्रस्ताव क्रमांक/दिनांक	निदेशालय द्वारा प्रेषित प्रस्ताव के क्रम में जारी अनुमति पत्रांक/दिनांक	निकाय द्वारा सीज खोलने की तिथि	प्रकरण में आवेदक/निर्माणकर्ता द्वारा की गई पालना की कार्यवाही का विवरण	निकाय द्वारा की गई कार्यवाही का विवरण	प्रकरण की वर्तमान अद्यतन स्थिति
1	2	3	4	5	6	7	8

आयुक्त/उपायुक्त/ अधिशाषी अधिकारी
हस्ताक्षर मय नाम व पदनाम मुहर